टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड

एनटीपीसी राजभाषा शील्ड से सम्मानित

12 मई, 2022 को अशोक होटल, नई दिल्ली में आयोजित हुई विद्युत मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को वर्ष 2020-21 के लिए एनटीपीसी राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया । माननीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर.के.सिंह के कर- कमलों से यह शील्ड टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजीव विश्नोई ने प्राप्त की । बैठक में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की राजभाषा पत्रिका पहल का विमोचन भी किया गया ।